तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 नवंबर 2025

12 लिंगानुपात पर हुई कार्रवाई के विरोध में डॉक्टरों की...



12 महिला काव्य मंच का हुआ वार्षिकोत्सव, महेंद्रगढ़...



## खबर संक्षेप

### अपहरण मामले में तीसरा आरोपित भी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना राई पुलिस ने युवक के अपहरण की घटना में संलिप्त तीसरे आरोपी नीरज उर्फ मोंटी पुत्र ओमपाल निवासी जठेड़ी, सोनीपत को गिरफ्तार किया है। इस मामले की शुरुआत 11 नवंबर 2025 को हुई थी, जब कुलदीप पुत्र रघबीर सिंह निवासी जठेड़ी ने थाना राई में शिकायत दर्ज कराई कि कुछ लोगों ने उनके लड़के अर्जुन का उसकी ऑटो रिक्शा रुकवाकर मारपीट कर जबरदस्ती एक ईको गाड़ी में अपहरण कर लिया है।

### वकील पर हमला करने के दो आरोपित काबू

**खरखौदा।** अधिवक्ता पर हमला करने के मामले में पुलिस ने वीरवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अशोक व बिजेंद्र तुर्कपुर गांव के रहने वाले हैं। 7 नवंबर को गुरुग्राम निवासी अधिवक्ता अमित शर्मा ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि तुर्कपुर के रहने वाले उनके मुवक्किल राजेश का परिवार के साथ ही जमीन विवाद चला आ रहा है। राजेश उन्हें बतौर वकील खरखौदा में तहसील व थाने के काम के लिए लेकर आ रहे थे। इसी दौरान तुर्कपुर से पहले ही उनकी गाड़ी के सामने राजेश की मौसी के लड़के बिजेंद्र ने अब बाइक लगा दी।

### वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा, एक की मौत

**गन्नौर।** जीटी रोड पर गढ़ी कला फ्लाईओवर के समीप बुधवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। मृतक 53 वर्षीय राजेंद्र गुमड़ गांव का रहने वाला था। राजेंद्र अपने साथी सोनू के साथ ट्रैक्टर से पानीपत की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आए एक तेज रफ्तार भारी वाहन ने ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में राजेंद्र ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जबकि सोनू दूर जा गिरा। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना के बाद थाना गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद राजेंद्र को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

### पीपली हत्याकांड में दो आरोपित गिरफ्तार

**खरखौदा।** पिपली में युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या करने के मामले में खरखौदा पुलिस ने दो और आरोपियों का गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस मामले में आरोपी पूर्व सरपंच समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। वीरवार को खरखौदा निवासी विक्की व पिपली निवासी सुनील को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को हथकड़ी डाल पुलिस उनको पैदल ही अस्पताल व और कोर्ट लेकर गई।

## खुले और टूटे ड्रेनेज नाले बने जानलेवा, कोहरे में बढ़ सकता है जोखिम

# 900 करोड़ के नेशनल हाइवे-44 पर जान का खतरा, विभाग अनजान

एनएच-44 देश के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है, जहाँ प्रतिदिन 80 हजार से ज्यादा वाहन गुजरते हैं


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

करोड़ों की लागत से निर्मित नेशनल हाईवे-44 का कुंडली से पानीपत तक का हिस्सा अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है। हाईवे के किनारे सुरक्षा के लिए बनाए गए ड्रेनेज नालों पर लगाए गए स्लैब जगह-जगह टूट चुके हैं या पूरी तरह गायब हैं। यह बदहाल स्थिति देश के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक, एनएच-44 की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है, जिसका लोकार्पण 20 जून 2023 को हुआ था और जिसके चौड़ीकरण पर 900 करोड़ रुपए खर्च हुए थे।

यह हाईवे दिल्ली सहित हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर को जोडऩे वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए इसके किनारों पर गहरे नाले बनाकर उन्हें स्लैब से ढका गया था, ताकि पैदल यात्री या वाहन चालक दुर्घटना का शिकार न हों। हालांकि, समय से पहले ही इन स्लैबों का टूटना और गायब हो जाना, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के रखरखाव और निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता है। यह बदहाल स्थिति देश के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक, एनएच-44 की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है, जिसका लोकार्पण 20 जून 2023 को हुआ था और जिसके चौड़ीकरण पर 900 करोड़ रुपए खर्च हुए थे।



सोनीपत। राई के पास नेशनल हाइवे पर टूटे स्लैब। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। प्याऊ मनियारी के पास टूटे स्लैब। फोटो : हरिभूमि

### कोहरे में बढ़ जाएगा जानलेवा खतरा

स्थानीय निवासियों राजेश, महेश, मनोज और संदीप ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि खुले नाले विशेष रूप से रात के समय कम रोशनी में दिखाई नहीं देते। अब सर्दी का मौसम शुरू होने वाला है और जल्द ही वातावरण में घना कोहरा छाने लगेगा। कोहरे की स्थिति में इन खुले और टूटे नालों का पता लगाना लगभग नामुमकिन हो जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाएगी। हाईवे पर वाहन तेज रफ्तार से चलते हैं, और जरा सी चूक भी दोपहिया वाहन चालकों या पैदल राहगीरों के लिए किसी बड़े और जानलेवा हादसे का कारण बन सकती है।

### रोजाना 80 हजार वाहनों की आवाजाही

यह समस्या इतनी गंभीर हो चुकी है कि आरटीए की जिला रोड सेफ्टी शाखा पहले ही हाईवे के दोनों तरफ खुले इन नालों को खतरनाक जोन घोषित कर चुकी है। रोड सेफ्टी शाखा ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि रात में और विशेष रूप से कोहरा छाने पर इन स्थानों पर हादसों की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। एनएच-44 देश के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है, जहाँ प्रतिदिन 80 हजार से ज्यादा वाहन गुजरते हैं। इस रूट पर टोल से मोटी कमाई होने के बावजूद सुरक्षा सुविधाओं की ऐसी बदहाली क्षेत्रवासियों के लिए असहनीय है। क्षेत्रवासियों ने एनएचएआई और प्रशासन से मांग की है कि लोगों की जान से जुड़े इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए और टूटे तथा गायब स्लैब को बदल कर नालों को पूरी तरह ढका जाए।

### एनएचएआई ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक जगभूषण शर्मा ने आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि हाईवे के नालों की सफाई कराने के साथ जहां-जहां स्लैब टूटे या गायब हैं, वहां नए स्लैब लगाकर नालों को पूरी तरह ढका जाएगा। उन्होंने दोहराया कि लोगों की सुरक्षा एनएचएआई की प्राथमिकता है और इस दिशा में जल्द ही काम शुरू किया जाएगा।



खरखौदा। घायल बिजली कर्मचारी अस्पताल में उपचाराधीन। फोटो : हरिभूमि

# बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर ईंटों से हमला

## पांच बिजली कर्मचारी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

रिढ़ाऊ गांव में बिजली निगम की टीम पर अचानक हमला कर दिया गया। हुआ यूं कि टीम बिजली चोरी के सबूत अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर रही थी। जिसके चलते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। पहले उन्होंने टीम का विरोध किया, फिर विवाद बढ़ते-बढ़ते हमला करने तक जा पहुंचा। ग्रामीणों ने पहले बिजली कर्मियों से हाथापाई की फिर ईंटों से कर्मचारियों पर हमला कर दिया। इस हमले में बिजली निगम के पांच कर्मचारी घायल हो गए। घायल कर्मचारियों को मौके से किसी तरह निकालकर सरकारी अस्पताल खरखौदा पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल जेई सतबीर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, बुधवार को देर रात सब - ऑफिस फरमाना में बिजली चोरी की शिकायत मिली थी। जेई सतबीर सिंह अपनी टीम के साथ रात 10:50 बजे गांव रिढ़ाऊ पहुंचे। बिजली विभाग की टीम जब एक मकान पर पहुंची तो जांच में पता चला कि आरोपी रविंद्र ने केबल में कट लगाकर अवैध कनेक्शन किया हुआ था। जैसे ही टीम ने मंदिर के पास डायरेक्ट पीवीसी केबल से चोरी की वीडियोग्राफी शुरू की, तभी वहां मौजूद 4-5 ग्रामीण दौड़े और टीम को घेरकर हमला कर दिया। हमले में जेई सतबीर, फोरमैन बालकिशन, लाइनमैन नवीन, जोगेंद्र और असिस्टेंट लाइनमैन हरदीप घायल हो गए। पुलिस ने अस्पताल में पहुंचकर घायलों के बयान लेकर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध पिस्तौल के साथ एक गिरफ्तार

■ गिरफ्तार आरोपित की पहचान राहुल निवासी पुरखास, जिला सोनीपत के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान राहुल निवासी पुरखास, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि 19 नवंबर को क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम गश्त पर थी। उन्हें गुप्त सूचना मिली कि राहुल नाम का युवक अवैध हथियार के साथ जाहरी चौक पर किसी वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम जाहरी चौक सोनीपत पहुंची और वहां खड़े राहुल को काबू किया। पुलिस टीम ने नियमानुसार तलाशी लेने पर राहुल की जेब से एक देशी पिस्तौल 315 बोर बरामद की। इस घटना के संबंध में थाना सदर सोनीपत में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। मुख्य सिपाही अनिल के नेतृत्व में क्राइम यूनिट कुंडली की अनुसंधान टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित राहुल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

# फायर कर हमला करने की घटना में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

थाना बरोदा की पुलिस ने फायर कर जानलेवा हमला करने की घटना मे संलिप्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नसीब पुत्र राजसिंह निवासी बहुजमालपुर, शौकीन पुत्र कृष्ण निवासी मिर्जापुर खेडी व रमेश पुत्र रामपाल निवासी गांव छिछड़ाना जिला सोनीपत के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। 19 नवम्बर को मामन पुत्र रघबीर निवासी छिछडाना ने थाना बरोदा में शिकायत दी थी। उनके अनुसार 18 नवंबर को रमेश की पत्नी निवासी छिछड़ाना ने उसे बुलाया कि अपने पैसे ले जाओ। मामन ने उसे ये पैसे पिछले साल दिए थे। जब मामन अपनी गाडी में गांव में दादा बहाडदेव मंदिर के पास पहुंचा तो रमेश की पत्नी के जानकार ने हाथ देकर उसकी गाडी रुकवा ली। वह भी उसके साथ गाड़ी में बैठकर रमेश की पत्नी के घर के बाहर चले गए। उसका जानकार पैसे लेने के लिए अन्दर चला गया और मामन अपनी गाडी मे बैठा रहा। कुछ देर बाद उसे रमेश के घर से झगड़े की आवाज सुनाई दी। तभी नसीब पुत्र राजसिंह बहुजमालपुर निवासी, शुभम पुत्र सुरेन्द्र निवासी गांव मदीना, शौकीन पुत्र कृष्ण निवासी मिर्जापुर खेडी, रमेश का लडका नवीन व रमेश पुत्र रामपाल व रमेश की पत्नी ने सलाह मशवरा करके अपने हाथो मे लाठी डंडे लेकर उसे मारने के लिए दौड़े। इसके बाद मामन ने गाड़ी भगा ली। गाड़ी कुछ ही दूरी पर एक घर की दीवार से टकराकर रुक गई। तभी उपरोक्त व्यक्तियों सहित कुछ अज्ञात ने मामन को जबरदस्ती गाड़ी से बाहर निकाल लिया और लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की।




गोहाना। आरोपितों को गिरफ्तार किए हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# दो मासूम बहनों के यौन शोषण में युवक को 5 साल कैद

■ 32 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया, बरोदा थाना क्षेत्र के एक गांव का है मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र ने दो बहनों का यौन शोषण करने के आरोपित को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को पांच साल कैद की सजा सुनाई है। दोषी पर 32 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। दोषी ने आठ व पांच साल की दो बहनों को घर में अकेला पाकर उनके साथ गलत काम किया था। बरोदा थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने 20 अगस्त, 2024 को एफआईआर दर्ज कराई थी कि वह अपनी आठ व पांच साल की बेटियों को घर पर छोड़कर 19 अगस्त, 2024 को अपने मायके गई थी। बेटियां उनके पति के पास थी। 20 अगस्त, 2024 की दोपहर को उनके पति दोनों बेटियों को घर पर अकेले छोड़कर काम से चले गए। इसी दौरान गांव का बंटू उनके घर में घुस गया। आरोपी ने डराकर उनकी बेटियों का यौन शोषण किया था। उसी समय वह मायके से घर लौटी तो आरोपी उसे देखकर भाग गया था। बेटियों ने मामले की जानकारी उन्हें दी थी। जिस पर पुलिस को अवगत कराया गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे नरेंद्र ने आरोपित बंटू को दोषी करार दिया। वीरवार को अदालत ने दोषी को 8 व 10 पॉक्सो समेत अलग-अलग धाराओं में पांच साल कैद व 32 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# लूट का पांचवा आरोपित भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

थाना सदर सोनीपत पुलिस टीम ने रास्ता रोककर मारपीट करने और मोबाइल फोन व रुपए छीनने की घटना में संलिप्त पांचवे आरोपित सुमित उर्फ कुणाल, निवासी बाल्मीकि मोहल्ला खरखौदा, सोनीपत को गिरफ्तार किया है।

इस मामले की शिकायत 14 मई 2025 को सुशील ने थाना सदर सोनीपत में दर्ज कराई थी। सुशील जो एक डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत हैं, ने बताया था कि वह रात करीब 10 बजे खरखौदा से सोनीपत जा रहे थे। जब वह नंदी गौशाला के सामने से गांव बैयापुर के नजदीक पहुंचे, तो पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार चार लड़कों ने उनका रास्ता रोका, उनके साथ मारपीट की और उनसे लगभग 15,800 रुपए नकद और एक मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए थे। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत थाना सदर सोनीपत में मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना सदर सोनीपत की अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक नरेश ने अपनी पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए इस घटना में संलिप्त चार आरोपितों अंकित, उज्जवल, जुगनु और सन्नी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब अन्य आरोपितों की खोजबीन करते हुए पांचवे आरोपित सुमित उर्फ कुणाल को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# बिजली विभाग के हटाए गए कर्मचारियों ने गठरी उठा किया प्रदर्शन

■ ठेका प्रथा खत्म करने की मांग, जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में रोष मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। सिर पर गठरी उठाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए हटाए गए कर्मचारी।

बिजली विभाग में ठेका आधार पर कार्यरत कर्मचारियों को हटाए जाने के विरोध में मंगलवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में एक अनोखा प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क से सिर पर ठेका प्रथा की प्रतीकात्मक गठरी उठाकर नारेबाजी करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के कार्यालय तक पहुंचे। वहां कर्मचारियों ने उनके सहायक अमित को अपना ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि ठेका प्रथा आज युवाओं के शोषण का बड़ा कारण बन चुकी है। ठेकेदार अपनी मनमर्जी से कर्मचारियों का शोषण करते हैं, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी हों, बिजली विभाग के कर्मचारी हों या अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारी, सभी ठेका प्रथा से परेशान होकर धरनों पर बैठे हैं।

बड़वासनिया ने कहा कि ठेका प्रणाली अंग्रेजों की नीतियों का अवशेष है और इसे समाप्त कर युवाओं को शोषण से मुक्ति दिलाई जानी चाहिए।

## सामाजिक, धार्मिक संगठनों की भागीदारी के साथ मनेगा गीता महोत्सव

# अतिरिक्त उपायुक्त की महोत्सव को लेकर बैठक

■ 28 नवंबर से 01 दिसंबर तक सुभाष स्टेडियम में भव्य, शानदार और गरिमापूर्ण आयोजित होगा जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि इस वर्ष जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 28 नवंबर से 01 दिसंबर तक सुभाष स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए उन्हें निर्देश दिए कि वे सामाजिक संगठनों के साथ तालमेल कर महोत्सव को भव्य रूप देने का कार्य करें। जिस भी अधिकारी की जो ड्यूटी लगाई जाती है वह उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूरा करें। गीता जयंती की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने लघु सचिवालय में जिला के सभी सामाजिक, धार्मिक व अन्य संगठनों व अधिकारियों के साथ बैठक की।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिले की सभी धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं तथा शिक्षण संस्थानों के सहयोग से ही आयोजन अधिक सार्थक और प्रेरणादायी होगा, इसलिए सभी संस्थाएं इसमें सहयोग करें।

### 29 को होगा गीता जयंती समारोह का शुभारंभ

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि 28 नवंबर को शिक्षण संस्थानों में गीता पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वक्ता गीता के महत्व पर अपना व्याख्यान देंगे। 29 नवंबर को गीता जयंती समारोह का शुभारंभ हवन व गीता पूजन के साथ किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें स्कूली बच्चों के अलावा लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा सेमिनार का आयोजन होगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्कूली बच्चों द्वारा गीता का श्लोक उच्चारण किया जाएगा। इसके अलावा अंतिम दिन 1 दिसंबर को सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सहयोग से नगर शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें गीता पर आधारित झांकियां शामिल होंगी। इसके अलावा दीपोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर नगराधीश डॉ. अनमोल, एसीपी मलकित सिंह, डीआरओ सुशील शर्मा, तहसीलदार कीर्ति, राजकुमार कटारिया सहित जिला के विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थानों व अन्य संगठनों से गणमान्य व्यक्ति व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



स्पेशल: वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे, 26 नवंबर

बच्चो, हमें स्वस्थ रहने के लिए हमारे पर्यावरण का स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। पर्यावरण यानी एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने के लिए सिर्फ बड़े ही नहीं बच्चे भी प्रयास कर सकते हैं। बच्चे कुछ सावधानियां बरतकर, कुछ छोटे-छोटे काम करके एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में कैसे अपना योगदान दे सकते हैं, जानो।

# छोटे-छोटे प्रयासों से बनो एन्वॉयर्नमेंट वॉरियर

अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, आज दुनियाभर में बड़ों की सबसे बड़ी चिंता है, तुम्हारे लिए यानी नई पीढ़ी के लिए धरती को हरा-भरा रखने की। पानी बचाने के साथ ही साफ-सफाई और हवा को शुद्ध रखने के लिए भी दुनिया के हर कोने में लोग चिंतित हैं। 'वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे' इस फ्रंट पर अवेयरनेस लाने का दिन है। बच्चो, पर्यावरण को सहेजने की इस मुहिम में तुम भी अपनी भागीदारी निभा सकते हो। बहुत से छोटे-छोटे काम करते हुए एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने वाले वॉरियर बन सकते हो।

**अपनाओ ईको-कॉन्शस हैबिट्स:** बच्चो, ईको-कॉन्शस हैबिट्स पर्यावरण सहेजने से जुड़ी अवेयरनेस वाली आदतें होती हैं। ऐसी आदतें अपनाकर अपनी लाइफस्टाइल को कुछ यूं ढाल लिया जाता है कि हवा, पानी, मिट्टी पर नकारात्मक असर ना हो। अच्छी बात यह है कि इसके लिए अपने डेली रूटीन में कोई बड़ा बदलाव करने की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम उठाते हुए भी एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में अपनी भागीदारी निभाई जा सकती है। जैसे अपनी सोसाइटी या कॉलोनी में ईको ग्रुप बनाकर आस-पास पेड़-पौधे लगाना, बाहर नहीं तो घर में ही एक प्लांट की देखभाल करना, कचरा ना फैलाना, खाना जूठा ना छोड़ना, पानी बचाना आदि। ईको कॉन्शस हैबिट्स सीधे-सीधे हवा, पानी और मिट्टी को सहेजने और साफ रखने से जुड़ी हैं। इनसे ही तो हमारा पर्यावरण बना है।

**कचरा घटाओ-ऊर्जा बचाओ:** बच्चो, वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे पर कचरा घटाने और ऊर्जा बचाने पर विशेष बल दिया जाता है। कचरा कम करना यानी कि स्वच्छ परिवेश और रिसोर्सेज का किफायती इस्तेमाल। वहीं ऊर्जा बचाना यानी बिजली, गैस या ऑयल का सोच-समझकर उपयोग करना। इसके लिए जब इस्तेमाल ना हो रहे हों तो लाइट, पंखे, टीवी और अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस को ऑफ करना ना भूलो। बच्चो, किसी भी तरह की एनर्जी प्रोडक्शन के लिए नेचुरल रिसोर्सेज ही यूज किए जाते हैं।



**अपनाओ 'थ्री आर' रूल:** बच्चो, पढ़ाई-लिखाई के साथ ही अपने आर्ट एंड क्राफ्ट को भी ईको फ्रेंडली बनाओ। पुराने पेपर्स के साथ भी अपनी कलाकारी दिखाओ। अपनी आर्ट बुक का कोई पेज खराब ना होने दो। इसके लिए 'थ्री आर' रूल अपनाओ। थ्री आर यानी-रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल। मतलब, कागज का कम इस्तेमाल, जितना संभव हो पेपर को दोबारा किसी न किसी काम में लेना और यहां-वहां फेंकने के बजाय इन्हें उचित ढंग से रिसाइकिल करने के लिए भेजना। ऐसा करने से हमारे आस-पास साफ-सफाई रहेगी और प्रदूषण कम होगा। साथ ही धरती की हरियाली भी कायम रहेगी।



**चुनो ईको फ्रेंडली सवारी:** गाड़ियों से निकलने वाला गरम जहरीला धुआं। डीजल, पेट्रोल, गैस की बढ़ती खपत और इन गाड़ियों से निकलने वाला शोर पर्यावरण को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। बच्चो, यह कितना अजीब है न कि सुबह-शाम पार्क में दौड़ लगाने वाले लोग थोड़ी दूर भी पैदल नहीं चलते। आस-पास जाने के लिए भी गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं। तुम तो अभी से ही हेल्थ और एन्वॉयर्नमेंट बिगाड़ने वाली इस आदत से दूर रहो। यूं भी तुम्हारे लिए तो साइकिल सबसे प्यारी सवारी है। आस-पास की किसी शॉप, फ्रेंड के घर, स्कूल या पार्क में खेलने साइकिल से जाओ। साइकिल चलाने से ना तो प्रदूषण होता है और न ही इसमें कोई फ्यूल यूज होता है। साइकिल से तो नॉइज पॉल्यूशन भी नहीं होता। हमारे लिए ईको फ्रेंडली सवारी का चुनाव हर तरह से अच्छा ही होता है। आज के समय में तो साइक्लिंग फिटनेस की एक जरूरी एक्टिविटी भी है। साइक्लिंग के अलावा, पैदल चलना, लिफ्ट के बजाय सीढ़ी चढ़ना जैसी आदतें भी नेचर को बचाने में मददगार बनती हैं। *

कविता / डॉ. करुणा पांडेय

## पर्यावरण



आओ बच्चो प्यारे बच्चो!
पर्यावरण को साफ बनाएं।
हर जन को जाग्रत कर दें,
पॉलीथीन को दूर भगाएं।।
नदी ताल और नालों में,
मच्छर कभी पनप न पाएं।
बंजर भू में मेहनत करके,
नए पौध की रेल उगाएं।।
गमलों में बोनसाई बोकर,
बंगला फ्लैट सभी सजाएं।
जल और वायु जीवन अपना,
हर जन तक संदेश पहुंचाएं।।
खूब उगाकर पेड़ जहां में,
मौसम का संतुलन बनाएं।
करें दोस्ती प्रकृति से फिर
पर्यावरण सुंदर बनाएं।।

मम्मी जब नोटबुक के बचे पेजों को इस्तेमाल करने लगीं तो ऋषभ ने उन्हें नई नोटबुक देनी चाही, लेकिन मम्मी ने लेने से मना कर दिया। इसके पीछे उन्होंने जो वजह बताई, सुनकर ऋषभ चौंका। मम्मी ने जो बताया, बच्चो इसकी जानकारी तुम्हें भी होनी चाहिए।

# पेड़ और कागज



नॉलेज टॉक

पूजा भारद्वाज

मम्मी आप मेरी पुरानी नोटबुक में कहानी क्यों लिख रही हैं? मैं दूसरी ले आता हूं, मेरे पास रखी हैं नई नोटबुक्स।' आठ साल का ऋषभ अपनी मम्मी को पुरानी नोटबुक में लिखते देखकर बोला।

'नहीं बेटा, मुझे नई नोटबुक नहीं चाहिए। इसी में लिखूंगी मैं।' मम्मी ने नई नोटबुक लेने से इंकार कर दिया। 'लेकिन मम्मी यह तो भरी हुई है।' ऋषभ बोला। 'भरी कहां है? पूरे ग्यारह पेज खाली हैं इसमें। इतने बहुत हैं मेरे लिए।' मम्मी ने नोटबुक के खाली पन्ने दिखाए। ऋषभ बोला, 'लेकिन मम्मी वो बीच-बीच में छोड़े गए पेज हैं।' 'हां तो क्या हुआ, हैं तो पेज ही। लिखने के काम ही आने हैं।' कहकर मम्मी हंसीं। 'लेकिन मम्मी आप ऐसे बचे हुए पन्नों पर क्यों लिख रही हैं?' ऋषभ ने पूछा। 'कुछ पेड़ बचाने के लिए।' मम्मी ने तुरंत जवाब दिया। मम्मी की इस बात पर ऋषभ चौंका, 'पेड़.. वो कैसे बचेंगे?' मम्मी ने नोटबुक एक ओर रखकर उसे अपने पास बैठाया और प्यार से बोलीं, 'तुम्हें मालूम है ये पेज किससे बनते हैं?' ऋषभ ने ना में सिर हिला दिया। 'यह बनते हैं लुगदी से, और लुगदी बनाई जाती है पेड़ की छाल से। कागज का निर्माण पूरी तरह से पेड़-पौधों पर निर्भर होता है, क्योंकि कागज बनाने के लिए कच्चे माल हेतु लकड़ी की लुगदी, कपड़े का टुकड़ा, गेहूं की पुआल या भूसे का प्रयोग किया जाता है।' मम्मी ने पूरी जानकारी दी।

'परंतु पेड़ से ही क्यों बनाते हैं कागज?' ऋषभ ने उत्सुकता से पूछा। 'क्योंकि कागज बनता है सेल्यूलोज से। यह एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जो पेड़ की लकड़ी में पाया जाता है।' मम्मी ने जानकारी दी।

'अच्छा..!' ऋषभ को बात समझ में आ रही थी। मम्मी ने आगे भी बताया, 'और हां, कागज सभी पेड़ों से नहीं बनता है। इसे बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले पेड़ हैं- चीड़, मैपल, ओक, सनोबर, बुर्ज, हेमलोक और लार्च आदि। क्योंकि इनकी लकड़ी में सेल्यूलोज अच्छी मात्रा में होता है। एक पेड़ से लगभग 8333 पेज बनते हैं। इस तरह केवल कागज के लिए, हर साल दुनिया में चार से आठ अरब पेड़ काटे जाते हैं यानी, हर दिन अमूमन अस्सी हजार पेड़ कटते हैं, तुम्हारी इन कॉपी-किताबों को बनाने के लिए। इसलिए, हमें कभी भी कागज को बर्बाद नहीं करना चाहिए। इसका जितना हो सके उतना अधिकतम उपयोग करके ही रद्दी में डालना चाहिए और यह बात तुम्हें भी याद रखनी होगी, क्योंकि मैं अक्सर देखती हूं, तुम्हारी कॉपियों में बहुत से खाली पेज रहते हैं फिर भी तुम उन्हें रद्दी में फेंक देते हो। यह बहुत गलत बात है बेटा। फालतू में कागज कभी बर्बाद नहीं करना चाहिए, क्योंकि पुराने कागजों से दोबारा नया कागज बन सकता है। कॉपी-किताबों को हम जितना बचाएंगे, सही तरीके से उपभोग करेंगे तो कुछ पेड़ों को बचाने में अपना योगदान दे सकेंगे। अब समझे मेरा बच्चे पन्नों पर लिखने का मतलब?' 'हां मम्मी, बिल्कुल समझ गया।' ऋषभ मुस्कुराते हुए बोला। 'तो करो प्रॉमिस कि आगे से एक-एक कागज का मोल समझोगे और इन्हें कभी बर्बाद नहीं करोगे।' मम्मी ने प्रॉमिस के लिए आगे हाथ बढ़ाया।



ऋषभ ने भी मजबूती से अपना हाथ वादा निभाने के लिए मम्मी के हाथ में थमा दिया और दोनों जोर से हंस पड़े। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## हंसाते-गुदगुदाते बाल गीत

बच्चो, तुम्हें ऐसे बालगीत मिल जाएं, जो गुनगुनाने के साथ हंसाएं भी तो तुम्हें जरूर मजा आएगा। ऐसे ही बालगीतों का एक नया संग्रह आया है 'नानी जी की मोरनी।' इसके रचयिता हैं शिवचरण चौहान। इस संग्रह में 26 बालगीत संकलित हैं। संग्रह के सभी बालगीत तुम्हें हंसाएंगे-गुदगुदाएंगे। इनकी राइमिंग इतनी बेहतरीन है कि इन बाल गीतों को पढ़ते हुए तुम इन्हें गाने से खुद को रोक नहीं पाओगे। बच्चो, इस संग्रह में शामिल बाल गीतों में तुमको विषयों की विविधता भी मिलेगी। इस कारण इन्हें पढ़ते हुए रोचकता बनी रहेगी। 'नानी जी की मोरनी', 'चाचा और मामा', 'बागड़ बिल्ला', 'बर्फी या रसगुल्ला' जैसे कई बाल गीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। 'दाऊ और कन्हैया' और 'मूषक और गणेश' पढ़ते हुए तुम्हें 'लिटिल कृष्णा' और 'बाल गणेशा' याद आएंगे। संग्रह में तुम्हारे फेवरेट कॉमिक कैरेक्टर 'चाचा चौधरी' पर भी एक बालगीत मिलेगा, जिसका शीर्षक है, 'मूंछों वाले चाचा।'




बच्चो, इस किताब में ज्यादातर बाल गीतों के साथ मोहक चित्र भी हैं, जो संग्रह की सुंदरता को और बढ़ाते हैं। *

**किताब:** नानी जी की मोरनी (बाल गीत संग्रह), **लेखक:** शिवचरण चौहान, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** रवीना प्रकाशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**पिंकी** : अगर नदी में नीबू का पेड़ लगा है तो तुम नदी में जाकर नीबू कैसे तोड़ोगी?
**मिंकी** : चिड़िया बनके।
**पिंकी** : तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**मिंकी** : वही जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया है।
-आशीष, रायपुर

**राजू** : मम्मी, मुझे कुछ ऐसी चीज खाने को दो, जो कभी खत्म ही न हो।
**मम्मी** : ये ले बेटा, च्युइंगम खा।
-शोभित, रोहतक

## जीके क्विज-180

1. हाल ही में साल 2025 का बुकर लिटरेचर प्राइज किस लेखक को प्रदान किया गया?
2. इन दिनों अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. बिहार के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
4. यूनेस्को के रचनात्मक शहर नेटवर्क में शामिल होने वाला भारत का 9वां शहर कौन-सा है?
5. भारत में रेलवे नेटवर्क की शुरुआत का श्रेय किस ब्रिटिश गवर्नर जनरल को जाता है?
6. 'हितोपदेश' के लेखक कौन हैं?
7. रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस) नामक बीमारी किस विटामिन की कमी से होती है?
8. पृथ्वी के सबसे निकट का तारा कौन-सा है?
9. मणिपुर की राजधानी कहां है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य का प्रमुख शास्त्रीय नृत्य है?



बच्चो, जीके क्विज-180 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-179 का उत्तर:** 1.शेफाली वर्मा, 2.नरेंद्र मोदी, 3.छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन, 4. 20 नवंबर, 5. 14 नवंबर, 6.ऊंट, 7.बिहार, 8.शतरंज, 9.कोलंबो, 10.देवेंद्र फडणवीस

**जीके क्विज-179 का सही उत्तर देने वाले:** दित्या-रायपुर, कबीर-हिसार, मन्नत-कैथल, शरद-रायगढ़, रमेश-बैकुंठपुर, प्रवीण-रायगढ़, अनूप-रायगढ़, आयुष-ईमेल से, कनक-बिलासपुर, अमन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, पूनम-बालोद


ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों इस बात से दुखी, चिंतित थीं कि असुरक्षित पर्यावरण के कारण तीनों का अस्तित्व खतरे में है। तभी तीनों ने पृथ्वी पर बच्चों को कुछ ऐसा करते देखा कि उनके भीतर नई उम्मीदें जागीं। ठंडी, गर्मी और बारिश ने बच्चों को ऐसा क्या करते देखा

# उम्मीद अभी बाकी है



कहानी

उपासना बेहार



ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों सखियां मजे से साथ-साथ रहती थीं। इनको चार-चार माह काम पर जाना पड़ता था। तीनों सखी अपने काम को बखूबी निभा रही थीं। जिसका जब समय आता, वह अपने निर्धारित महीने काम पर चली जाती। लेकिन पिछले कुछ सालों से इनके काम पर जाने के समय में गड़बड़ी होने लगी है। गर्मी को ज्यादा समय काम करना पड़ रहा है, जबकि बारिश और ठंड के काम का समय कम हो गया है। कभी-कभी तो यह होता है कि बारिश बेसमय ठंड के और गर्मी के घर जाकर गिर पड़ती है। तीनों इस बदलती हुई परिस्थिति को देख हैरान हैं।

एक दिन ठंड ने गर्मी से कहा, ' सखी, तुम भाग्यशाली हो अब तुम्हारा समय ज्यादा हो गया, लेकिन मेरा और बारिश का समय घट गया है, हमारे समय को भी तुम लेती जा रही हो।' गर्मी गंभीर होकर बोली, 'तुम्हें क्या पता, मैं इस आग उगलते मौसम में कैसे रहती हूं, पूरी झुलस जाती हूं। मैं तो बिल्कुल नहीं चाहती कि ज्यादा समय रहूं, लेकिन इन इंसानों ने अपने स्वार्थ के चलते धरती से बेहिसाब पेड़-पौधे काट डाले हैं। अब भी रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेड़-पौधों के बिना तो हम तीनों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। यही स्थिति रही तो एक दिन यह पृथ्वी भी नहीं रहेगी।' बारिश बहुत देर से इन दोनों की बातें सुन रही थी, उसके आंख में आंसू आ गए, वह बोली, 'आप दोनों सही बोल रही हैं, पृथ्वी विनाश की ओर बढ़ रही है। इंसान अपनी विलासिता पर ही केवल ध्यान दे रहा है। पहले पेड़-पौधों को काटकर गर्मी बढ़ा ली। अब गर्मी से बचने के लिए एसी लगा कर वातावरण को और गर्म कर रहे हैं। वो यही नहीं रुके हैं, अब तो शक्तिशाली बम बना रहे हैं, इसका उपयोग कर रहे हैं। इससे भी वातावरण प्रदूषित होता है।' गर्मी दुखी होकर बोली, 'अब कोई आस नहीं बची है, जिस दिशा में इंसान जा रहा है, वो समय ज्यादा दूर नहीं है, जब हम धीरे-धीरे खत्म हो जाएंगे और यह दुनिया भी।'

तीनों सहेलियां अपने आपको असहाय महसूस कर रही थीं। तभी ठंड ने कहा, 'देखो सखी, वो है हमारी उम्मीद की किरण।' गर्मी और बारिश ने उस तरफ देखा। धरती पर बहुत सारे बच्चे पेड़ लगा रहे थे। बारिश ने खुश होकर कहा, 'मैं जाकर उनकी मदद करती हूं। थोड़ा पानी दे देती हूं, जिससे पेड़ अपनी जड़ मिट्टी में जमा लेंगे।' यह कहकर वह बरसने चली गई।

गर्मी भी बोली, 'चलो मैं थोड़ा ताप कम कर देती हूं, जिससे बच्चे आराम से पेड़ लगा सकें।' यह बोलते हुए गर्मी भी चली गई।

ठंड कैसे पीछे रहती उसने सोचा, 'मैं भी हल्की-हल्की हवा चला कर उन बच्चों को प्यार करती हूं।' तीनों सहेलियां नए सिरे से उत्साह से भर गईं। *

कविता

नरेंद्र सिंह नीहार



## सर्दी की आहट

चुपके-चुपके हौले-हौले,
माह नवंबर खिड़की खोले,
सर्दी के मौसम की आहट,
बाबू जी अम्मा से बोले।
ठंडी हवा पहाड़ों वाली,
मानो बजा रही हो थाली।
स्वेटर मौजे टोपी पहनो,
आई सर्दी कंबल वाली।
सुबह देर से आता सूरज,
सबके मन को भाता सूरज।
जल्दी-जल्दी शाम ढले,
घर को अपने जाता सूरज
थोड़ी गर्मी थोड़ी सर्दी,
नरम धूप की उजली वर्दी।
दिन भी लगते सरस सुहावन,
खान-पान में मौजा कर दी।
सेहतमंद है सरसों-पालक,
गाजर, मूली खाते बालक।
गजक, रेवड़ी, मूंगफली,
भर-भर जेबें लाते बालक।।



छोटी कहानी

सिराज अहमद



## फूल, तितली और चींटी

एक बगीचे में एक सुंदर फूल खिला हुआ था। सुबह की धूप में जब तितली वहां आकर बैठी तो फूल मुस्कुरा उठा। लेकिन उसी फूल पर पहले से एक चींटी आराम से लेटी हुई थी। तितली के बैठते ही फूल हल्का-हल्का हिलने लगा, जिससे चींटी की नींद टूट गई। उसे यह अच्छा नहीं लगा। वह गुस्से से बोली, 'तुम किसी और फूल पर जाकर बैठो, यह मेरी जगह है!'

तितली ने जवाब दिया, 'फूल सबके लिए है, तुम्हारे अकेले का नहीं।' इस बात को लेकर दोनों में थोड़ी कहा-सुनी हो गई।

यह देखकर फूल ने धीरे से बोला, 'जब मुझे तुम दोनों के साथ बैठने पर कोई आपत्ति नहीं, तो तुम्हें क्यों है?'

फूल की बात सुनकर चींटी को अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने तितली से माफी मांगी। अब दोनों फूल पर साथ बैठ गईं। हवा चली तो फूल झूले-सा झूलने लगा। और दोनों मुस्कुराते हुए उसमें झूलने लगीं। *

## अंतर बताओ


बच्चो, पर्यावरण स्वच्छ रहे, इसके लिए सबसे पहले हम अपने घर को साफ-सुथरा रखें। यहां अपने घर की सफाई कर रही लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये आठों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी आठ अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1. लड़की ने बालों में पोनी टेल की बजाय बन बनाया हुआ है। 2.लड़की के हेयर-बैंड में फूल बने हुए हैं। 3.उसकी टी-शर्ट पर बनी हार्ट की डिजाइन गायब है। 4.लड़की ने जो रग पहना है, उसमें पॉकेट बना हुआ है। 5.उसके ट्राउजर का कलर डिफरेंट है। 6.वैक्यूम क्लीनर पर अलग डिजाइन बनी हुई है। 7.वैक्यूम क्लीनर पर इंडिकेटर/पॉवर बटन दिख रहा है। 8.फ्लोर ब्रश के ऊपर एक बटन लगा हुआ है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, दिए गए चित्र में कुछ लिटिल एनिमल्स अपनी मां से बिछड़ गए हैं। इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम इन्हें इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता बताकर इनकी मदद तो करो जरा।



## खबर संक्षेप



सोनीपत। जियांश के साथ प्राचार्या।

### हैप्पी चाइल्ड के जियांश ने ताइक्वांडो में जीता सिल्वर

**सोनीपत।** 16 नवंबर को एसएम हिंदू स्कूल में नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा दूसरी स्टार यूथ जिला गेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कई खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। हैप्पी चाइल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महलाना रोड से चौथी कक्षा के छात्र जियांश ने अंडर-9 आयु वर्ग में 23 किलोग्राम भार श्रेणी के अंतर्गत ताइक्वांडो में भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जियांश ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। विद्यालय पहुंचने पर अध्यक्ष नरेंद्र बाल्यान, प्राचार्या सुदेश बाल्यान और निर्देशिका तमन्ना निझावन ने जियांश का फूल मालाओं से स्वागत किया और उसे निरंतर अभ्यास जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल के अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### बाल भवन में रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन



**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अलग-अलग पात्रों की भूमिका अदा की। बच्चों ने ऐतिहासिक व्यक्तियों, वैज्ञानिकों, समाज सुधारकों, राष्ट्रीय नेताओं और समुदाय सहयोगियों की भूमिकाएं निभाकर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी की पूर्विका, वनिज प्रथम रहे तथा द्वितीय स्थान मेहुल और नीरव ने प्राप्त किया और अनाया, मेहुल और नीरव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और आगे भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने की प्रेरणा दी।

### रचनात्मक अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ माध्यम कविता



**खरखौदा।** गांव थाना खुर्द स्थित द स्टैनफोर्ड स्कूल में इंटर-हाउस हिन्दी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया । विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, स्पष्ट उच्चारण, लय और भावपूर्ण अभिव्यक्ति के साथ उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ दीं। कक्षा 1 में माही जयन्तिया हाउस ने प्रथम, विहान नीलगिरी हाउस ने द्वितीय और जोएल अरावली हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 में वेदिका जयन्तिया हाउस ने प्रथम, देवांशी अरावली हाउस ने द्वितीय और शौर्य नीलगिरी हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत में आज प्रातःकाल प्रार्थना सभा के दौरान छात्रों को हैसिटेशन रिमूव यानी झिझक दूर करने विषय पर भाषण दिया गया। भाषण का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना, मंच पर बोलने की क्षमता विकसित करना और अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने का साहस प्रदान करना था। वक्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि झिझक दूर करने के लिए नियमित अभ्यास, सही उच्चारण, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्रों को छोटे समूहों में बोलने, विभिन्न कक्षा गतिविधियों में भाग लेने और निडर होकर बात रखने के लिए प्रेरित किया। सभा में यह संदेश दिया कि सफलता का आधार आत्मविश्वास है।

*पांच महीनों से अवैध लिंग जांच रोकने के लिए नहीं हो पाई कोई प्रभावी रेड*

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान तोड़ रहा दम: लिंगानुपात 901 से 890 पहुंचा

*चिंताजनक : कभी सोनीपत का लिंगानुपात सुधार प्रदेश में शीर्ष पर रहता था*

**अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा के पानीपत से शुरू किए गए महत्वाकांक्षी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का सोनीपत जिले में दम निकलता दिख रहा है। जिले का लिंगानुपात 901 से गिरकर 890 पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा उस जिले के लिए चिंताजनक है जो कभी लिंगानुपात सुधार में प्रदेश में शीर्ष पर रहता था, लेकिन अब फिसलकर नीचे से दूसरे स्थान पर आ गया है। पिछले पांच महीनों से अवैध लिंग जांच रोकने के लिए पीएनडीटी एक्ट के तहत कोई सख्त रेड कार्रवाई नहीं हुई है, जिसने अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला अस्पताल में गर्भपात को रोकने और बेटियों को बचाने के लिए पीएनडीटी सेल बनाया गया है। जिले में बेटियों को कोख में बचाने की जिम्मेदारी डॉक्टर नितिन फ्लसवाल, जो सोनीपत के पीएनडीटी अधिकारी हैं, को दी गई है। हालांकि, जिले में लगातार गिरते लिंगानुपात के बावजूद पिछले पांच महीने से कोई भी प्रभावी पीएनडीटी रेड न होना अभियान की विफलता को दर्शाता है। जब इस मामले में डॉ. फ्लसवाल से सवाल किया गया तो उन्होंने यह सफाई दी कि लगातार कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल, प्रशासनिक उदासीनता और जिम्मेदार अधिकारियों का सही ढंग से कार्य न करना ही लिंगानुपात गिरने का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। प्रशासन द्वारा इस अभियान की तरफ ध्यान न देने के कारण ही लिंगानुपात 901 से 890 के निचले स्तर पर पहुँच गया है। बहरहाल, मामला अब कैबिनेट मंत्री तक पहुंच चुका है। देखना यह होगा कि मंत्री के आश्वासन के बाद लापरवाह अधिकारियों पर कब तक कार्रवाई होती है और सोनीपत के लिंगानुपात में सुधार आता है।




सोनीपत। सेल्फी प्वाइंट जिससे बैरीकेड का काम लिया जा रहा है।

**कैबिनेट मंत्री ने सख्त कार्रवाई का दिया आश्वासन**

इस पूरे मामले में जब कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान बीजेपी सरकार के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने यह स्वीकार किया कि यह अभियान लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए ही शुरू किया गया था। मंत्री ने कहा कि यदि सोनीपत में किसी अधिकारी द्वारा लापरवाही की गई है जिसके कारण लिंगानुपात गिरा है, तो दोषी अधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सेल्फी प्वाइंट से बैरिकेड का काम**

अभियान के प्रति अधिकारियों की उदासीनता का आलम यह है कि लोगों को जागरूक करने और बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए अस्पताल परिसर में जो सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था, उससे भी अब बैरिकेड का काम करवाया जा रहा है। जागरूकता के साधनों का इस तरह दुरुपयोग अभियान के प्रति प्रशासन के गंभीर न होने को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।



खरखौदा। प्रतिभावान विद्यार्थियों का स्वागत करते प्राचार्या दया दहिया।

## ब्लॉक स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में चमके प्रताप स्कूल के विद्यार्थी

*» पॉजीशन होल्डर का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

ब्लॉक स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में प्रताप स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं। कैटेगरी–1 (कक्षा 6 से 8) में संवाद प्रतियोगिता में प्रथमा वर्मा व दीया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में गीतांश सिवाच तथा भाषण प्रतियोगिता में चिराग ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में यश, वरदान व अंश ने शानदार प्रदर्शन करने पर व प्रियांशी को श्लोकोच्चारण में सांत्वना पुरस्कार मिला। कैटेगरी–2 (कक्षा 9 से 12) में भी प्रताप स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। श्लोकोच्चारण में निशिका, भाषण प्रतियोगिता में सनाया तथा संवाद प्रतियोगिता में दिव्यांजलि यादव व हिना दहिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में वान्या और निबंध लेखन में सारिका को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थियों का प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया व स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। पॉजीशन होल्डर विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्राचार्या दया दहिया ने बताया कि गीता जयंती महोत्सव केवल एक प्रतियोगिता भर नहीं है बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत, जीवन-मूल्यों और नैतिक शिक्षाओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन है। गीता हमें 'कर्म करते रहने' और 'निरंतर प्रगति' का संदेश देती है। मुझे गर्व है कि हमारे विद्यार्थियों ने इन मूल्यों को आत्मसात कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क की रिपेयरिंग का काम प्रारंभ, आमजन को मिलेगी राहत

*» मरम्मत कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए: जेई*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

गन्नौर से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का रिपेयरिंग का काम एचएसआइआइडीसी ने शुरू कर दिया गया है। जिससे रोजाना इस मार्ग से आने-जाने वाले हजारों कर्मचारी, मजदूर और वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। पिछले दिनों भारी यातायात के कारण सड़क पर गड्ढे हो गए थे। जिस पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए सड़क की मरम्मत के लिए 5 लाख रुपये का टेंडर जारी किया और एजेंसी ने काम शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों और उद्योग प्रतिनिधियों ने सड़क सुधार कार्य शुरू होने पर संतोष जताया है। उनका कहना है कि मरम्मत पूरी होने के बाद यह मार्ग फिर से सुगम होगा। एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन बड़ी के प्रधान नवीन कौशिक ने कहा कि सड़क की मरम्मत शुरू होना उद्योग क्षेत्र के लिए राहत की बात है। हजारों कर्मचारी इसी मार्ग से गुजरते हैं। उम्मीद है कि रिपेयरिंग के बाद सड़क पहले से अधिक मजबूत और सुरक्षित होगी। एचएसआइआइडीसी बड़ी के जेई अजीत कुंडू ने बताया कि एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मरम्मत कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए। प्रयास है कि सड़क पर दोबारा समस्या न आए और लोगों को बेहतर सुविधा मिले।



गन्नौर से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र सड़क पर डामर की परत डाल कर रिपेयरिंग कर रहे मजदूर।

### इंटर-हाउस साइंस क्विज का आयोजन

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर-हाउस साइंस क्विज का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने जोश के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सदनों के बीच साइंटिफिक क्यूरियोसिटी, टीमवर्क और हेल्दी कॉम्पिटिशन की भावना को बढ़ावा देना था। कुल पांच राउंड ऑर्गनाइज किए गए : जिनमें वार्म-अप राउंड, एक्सपेरिमेंटल राउंड, डिस्कवरी मैनिफेस्ट, बजर राउंड, रैपिड-फायर राउंड थे। हर राउंड में प्रतिभागियों की सामान्य परीक्षा, लॉजिकल रीजनिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी और प्रेजेंस ऑफ़ माइंड को परखा गया। सभी टीमों ने पूरे क्विज के दौरान जबरदस्त उत्साह और आत्मविश्वास दिखाया। कड़े मुकाबले के बाद, हिमालय हाउस ने बेहतरीन टीमवर्क दिखाते हुए पहला स्थान हासिल किया। नीलगिरी और विंध्याचल हाउस ने दूसरा स्थान हासिल किया, उसके बाद अरावली हाउस रहा।




सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर में कार्यक्रम के दौरान हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। काकुल का स्वागत करते प्राचार्य एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

**दून स्कूल की काकुल ने जीता ब्रॉन्ज मेडल**

**सोनीपत।** दून सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत की प्रतिभाशाली छात्रा काकुल ने जम्मू एवं कश्मीर (यू.टी.) में आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स 2025 की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। विद्यालय में काकुल का स्वागत किया गया। प्राचार्य आजाद सिंह बांगड़ ने काकुल के गले में पदक पहनाया और उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ और छात्रों ने तालियों के साथ काकुल का अभिनंदन किया। प्राचार्य बांगड़ ने काकुल की उपलब्धि को विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थी दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं और विद्यालय खेल तथा शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देता रहेगा।

## नुक्कड़ नाटक में सत्यम सदन प्रथम

- प्रतियोगिता में नौवीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा

कल्पना चावला विद्यापीठ में अंतर्सदनीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका संचालन अध्यापिका काजल ने किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभा के दौरान प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रीतु , अध्यापकगण, विद्यार्थी व शामिल रहे। स्वच्छ भारत, लोकतंत्र की महत्ता, और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण प्रतियोगिता का विषय थे। विद्यार्थियों ने नाटकों के माध्यम से इन विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए और दर्शकों को जागरूक किया। प्रतियोगिता के निर्णायकों की भूमिका अध्यापिका सुमित्रा और पुष्पा ने निभाई। अंत में परिणाम घोषित किया । परिणाम के अनुसार, सत्यम सदन ने प्रथम स्थान, सुंदरम् सदन ने द्वितीय स्थान, और शिवम् सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या उषा वत्स ने विजेता सदनों के विद्यार्थियों तथा उनके तैयारीकर्ता अध्यापकों- कोमल, शीतल, सुमन और ज्योति को बधाई दी और कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक अच्छा अनुभव रहा और उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह के आयोजनों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।




खरखौदा। नुक्कड़ नाटक के प्रतिभागी कल्पना स्कूल के विद्यार्थी।

**कार्यक्रम** गुरुदेव उपेन्द्र मुनि महाराज ने जिला कारागार में किए प्रवचन

# कैदियों को जीवन बदलने, आत्मिक शांति प्राप्त करने व नई दिशा अपनाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

जिला कारागार में गुरूवार को एक विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें गुरुदेव उपेन्द्र मुनि महाराज ने कैदियों को जीवन बदलने, आत्मिक शांति प्राप्त करने और नई दिशा अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम जेल प्रशासन की सकारात्मक सुधार–सकारात्मक समाज पहल के तहत आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य कैदियों के मनोबल को मजबूत करना और उनमें बेहतर भविष्य की आशा जगाना है।



सोनीपत। जिला कारागार में प्रवचन करते उपेंद्र मुनि महाराज साथ में अन्य।

**हर व्यक्ति में परिवर्तन की अपार क्षमता**

उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता, जैन दर्शन और जीवन के व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि हर व्यक्ति में परिवर्तन की अपार क्षमता होती है। जेल को दंड का स्थान न मानकर आत्ममंथन और आत्मपरिवर्तन की भूमि के रूप में देखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कैदी अपने परिवार और समाज के लिए सकारात्मक सोच और आदर्श आचरण अपनाकर नई शुरुआत कर सकते हैं। इस अवसर पर डिप्टी जेलर दीपक हुड्डा ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम कैदियों में नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं और इससे उनके भीतर नई ऊर्जा का संचार होता है।

**नए संकल्पों के साथ जीने का संदेश**

गुरुदेव उपेन्द्र मुनि महाराज ने प्रवचन में कहा कि मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन उसकी गलती उसके भविष्य का निर्धारण नहीं करती। भविष्य वही तय करता है कि व्यक्ति अपनी भूलों से क्या सीखता है और आगे किस मार्ग पर चलता है। उन्होंने बताया कि आत्मज्ञान, संयम, क्षमा और सकारात्मक चिंतन ही जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कैदियों को नशा, क्रोध, हिंसा और नकारात्मकता को त्यागकर नए संकल्पों के साथ जीवन जीने का संदेश दिया।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (51 से 100)

❖ पंजाब सिंह सुपुत्र स्व. श्री लहरी सिंह, म. नं. 1337, अर्बन स्टेट, जीन्द ❖ हंस राज चुघ सुपुत्र श्री चम्बा राम, म. नं. 318/3, हकीकत नगर, रेलवे रोड, जीन्द ❖वजीर सिंह सुपुत्र श्री भले राम, गांव बरसाना, खुंगा कोठी, जीन्द ❖ रचित एवं देव सुपुत्र श्री दीपक, एम्प्लॉयी कॉलोनी, गोहाना बाई पास, जीन्द ❖ सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री अजित सिंह, गुलमोहर सिटी, ई-507, कैथल ❖ राम सिंह सुपुत्र श्री नेकी राम, बालू बिडन पट्टी, कलायत, कैथल ❖ देवांशी सुपुत्री श्री गोपाल कृष्ण, कुलवन्त नगर, वार्ड नं. 14, कलायत, कैथल ❖ कशमीरी लाल सुपुत्र श्री काशी राम म. नं. 562/14, आदर्श नगर, कैथल ❖ राममेहर सुपुत्र श्री ज्ञानी राम, गांव व डा. रामराये, जीन्द ❖ मनीष सिंह सुपुत्र श्री दौलत सिंह, गांव न्यौला, झज्जर ❖ जय सिंह सुपुत्र श्री रामचन्द्र, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ बाल किशन सुपुत्र श्री सोनीराम, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ लक्षिता सुपुत्री श्री कवंर सिंह, गांव जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ राजेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री रामसिंह गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जगदेव सिंह सुपुत्र श्री सिंह राम, ऋषि कॉलोनी झज्जर ❖ सुनील कुमार सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, बिरहड़, झज्जर ❖ राजेश कुमार सुपुत्र श्री सत्यपाल गांव लडायन, मातनहेल, झज्जर ❖ बलराम रोहिया सुपुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह रोहिया, बिरडू मातनहेल, झज्जर ❖ श्री सुरेश कुमार सुपुत्र श्री राममेहर, गांव खांडा, खरखौदा, सोनीपत ❖ महाबीर पुत्र श्री बाहल सिंह निवासी 605/25, आर्य नगर सोनीपत ❖ आयुष पुत्र श्री बिजेन्द्र निवासी आर्य नगर, सोनीपत ❖ श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री जय नारायण, ओमेक्स सिटी, विला नं. 258, ब्लॉक-ए, सेक्टर-8 सोनीपत ❖ पवन कुमार सुपुत्री श्री ओमप्रकाश खत्री, भगत सिंह कॉलोनी, सोनीपत ❖ कृष्ण कुमार जांगड़ा सुपुत्र श्री ज्ञानी राम जांगड़ा, वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ जगमत सुपुत्र श्री जयपाल, गोच्छी, बेरी, झज्जर ❖ प्रेम सिंह सुपुत्र श्री नेता राम, बेरी, झज्जर ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं.देवी दत्त निवासी मकान नं.19/150, नई बस्ती, गली नं.1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ सुरेश कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी गांव मुकुंदपुर डाकखाना कानौदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ दयाराम पुत्र श्री कमलेश निवासी आर्य नगर, गली नं.2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ उमेश पुत्र श्री हवासिंह निवासी 12/410, सैनीपुरा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेश शर्मा सुपुत्र श्री जगननाथ प्रसाद, रेलवे रोड, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ अमीर चन्द्र सुपुत्र श्री राधे श्याम, गीता कॉलोनी, वार्ड नं. 6, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ हरीराम टेलर सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव गुढ़ा केमथा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ नारंग लाल सुपुत्र श्री मनीराम, गांव मोहनपुर, नांगल, महेन्द्रगढ़ ❖ लव्या सुपुत्री श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सुनीता धर्मपत्नी श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ पुष्पा धर्मपत्नी श्री घनश्याम, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम धर्मपत्नी श्री छाजूराम नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ भरतराम प्रजापत सुपुत्र श्री भगवान दास गांव व डा. नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सरोज देवी बंसल धर्मपत्नी श्री रामकुमार बंसल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव शंकर शर्मा सुपुत्र श्री मंगतु रामजी शर्मा, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम भारद्वाज,नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ विवेक कुमार सुपुत्र श्री रतिराम, वार्ड नं. 4, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सतीश सुपुत्र श्री रतनलाल प्रजापत, गांव वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ अरूण कुमार सुपुत्र श्री कन्हैया लाल, पालतीमान, नजदीक गुरूद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ यश सुपुत्र श्री जोगेन्द्र, मन्नू नगर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ निरजंन लाल शर्मा सुपुत्र श्री गणेश लाल शर्मा, सेका, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव हरी चन्द्र अग्रवाल सुपुत्र श्री अमर चन्द्र, गुरुनानक पुरा नजदीक बड़ा गुरुद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सत्यनारायण सुपुत्र श्री रामप्रसाद, गांव बजाड़, महेन्द्रगढ़।

क्रमशः: शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

## खबर संक्षेप

### बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर की लूटपाट, केस

**गन्नौर।** गुमड़ आरओबी के निकट एक व्यक्ति से चार बदमाशों द्वारा पिस्तौल के बल पर लूट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गांव गुमड़ निवासी देवेंद्र कुमार ने बताया कि वह रोजाना की तरह सुबह लगभग सुबह 4 बजे ड्यूटी पर जा रहा था। जैसे ही वह गांव से गन्नौर की तरफग गुमड़ आरओबी के पास पहुंचा, तभी एक काले रंग की कार उसके पास आकर रुकी। कार से चार युवक उतरे, जिनमें दो के हाथ में पिस्तौल और दो के हाथ में लाठी थी। दो युवकों ने उसके हाथ पकड़ लिए और तलाशी लेते हुए उसकी जेब से पर्स निकाल लिया, जिसमें पांच हजार रुपये और जरूरी दस्तावेज थे छीन लिए।

### भागवत गीता में मिलता है हर परेशानी का हल

**सोनीपत।** शिव नगर स्थित भूरे बाबा मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कथावाचिका देवी देवकी शांडिल्य दयामयी सेवा समिति, वृन्दावन द्वारा श्री मद भागवत का गायन संगीत के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें सभी ग्रंथों का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं।

### पवन राणा बने इनेलो खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**खरखौदा।** इनेलो के खेल प्रकोष्ठ ने पवन राणा जटोला को खेल प्रकोष्ठ खरखौदा का हलका अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति उपरांत पवन राणा ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की तरफ प्रेरित करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। पार्टी द्वारा जो उन्हें पद सौंपा गया है, वह उन्हें पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। साथ ही पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला, खेल प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मोर, खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुनील ढाका व जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत का आभार व्यक्त किया है।

### मोबाइल छीनने का दूसरा आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के निर्देशानुसार चल रहे ऑपरेशन ट्रैकडाउन अभियान के तहत सोनीपत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस आयुक्त ममता सिंह और डीसीपी प्रबीना पी के नेतृत्व में थाना मुरथल पुलिस टीम ने मोबाइल फोन छीनने की घटना में संलिप्त दूसरे आरोपित अंकित निवासी बाघडू को गिरफ्तार किया।

मामला 10 सितंबर 2025 का है, जब गणेश पुत्र रामचंद्र ने शिकायत दी थी कि वह गुलशन ढाबे पर काम करता है और ढाबे के बाहर हनुमान मंदिर के पास फोन पर बात करते समय दो युवक काली स्प्लेंडर पर आए और उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। मामले में थाना मुरथल में अभियोग दर्ज किया गया था।

**सोनीपत।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के निर्देशानुसार चल रहे ऑपरेशन ट्रैकडाउन अभियान के तहत सोनीपत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अनुसंधान के दौरान पुलिस पहले ही आरोपित विशाल को गिरफ्तार कर चुकी थी। दूसरे आरोपित अंकित को भी पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया, न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 24 को

**सोनीपत।** जिला के आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 24 नवंबर को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री तथा जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष गौरव गौतम करेंगे।

## नागरिक अस्पताल में दो घंटे ठप रही सेवाएं, भटकते रहे मरीज

# लिंगानुपात पर हुई कार्रवाई के विरोध में डॉक्टरों की हड़ताल

वर्तमान में सोनीपत का लिंगानुपात गिरकर 891 दर्ज किया गया है, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 898 था





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लिंगानुपात कम होने के मामले में वरिष्ठ चिकित्सकों पर संभावित कार्रवाई के विरोध में आज जिले के नागरिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में डॉक्टरों ने दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल रखी। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक चिकित्सकों ने काम बंद रखा, जिसके कारण ओपीडी सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं और दूर-दराज से इलाज के लिए आए मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। डॉक्टरों ने सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि लिंगानुपात जैसी सामाजिक समस्या के लिए अकेले चिकित्सक पर कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है, इसमें पुलिस और महिला एवं बाल विकास विभाग की भी समान भूमिका होती है।

वर्तमान में सोनीपत जिले का लिंगानुपात गिरकर 891 दर्ज किया गया है, जबकि पिछले वर्ष आज के दिन यह आंकड़ा 898 था। लिंगानुपात में आई इस गिरावट के चलते सरकार द्वारा सोनीपत और सिरसा जिले के वरिष्ठ चिकित्सकों पर कार्रवाई किए जाने की सूचना मिली है, जिसके विरोध में यह हड़ताल की गई।

### अकेले डॉक्टर पर कार्रवाई गलत : डॉ. फलस्वाल

चिकित्सक दल का नेतृत्व कर रहे डॉ. नितिन फलस्वाल ने मीडिया को बताया कि लिंगानुपात के मामले में सोनीपत के वरिष्ठ चिकित्सकों पर कार्रवाई की सूचना गलत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लिंगानुपात कम होने के लिए केवल चिकित्सक जिम्मेदार नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सामाजिक समस्या है। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात सुधारने के लिए समाज के लोगों को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। डॉ. फलस्वाल ने सरकार से आग्रह किया कि यदि कार्रवाई की कोई बात कही गई है, तो उस शब्द को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। इसी मांग को लेकर जिलेभर के डॉक्टरों ने सांकेतिक हड़ताल रखी। हलालपुर के एसएमओ डॉक्टर अनिल सचदेवा ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय रखी। उन्होंने बताया कि हालांकि उन्हें व्यक्तिगत रूप से निलंबन या कार्रवाई का कोई आदेश नहीं मिला है, लेकिन लिंगानुपात सुधारने के प्रयास लगातार जारी हैं।

### ओपीडी में इलाज के लिए भटकते रहे मरीज

डॉक्टरों की इस दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल का सीधा असर मरीजों पर पड़ा। सुबह 9 बजे अस्पताल खुलते ही इलाज के लिए पहुंचे सैकड़ों मरीज डॉक्टर के इंतजार में घंटों भटकते रहे। ओपीडी में डॉक्टर न होने के कारण लंबी कतारें लग गईं और कई मरीज बिना उपचार कराए ही वापस लौटने को मजबूर हो गए। हालांकि, 11 बजे हड़ताल खत्म होने के बाद ओपीडी सेवाएं शुरू हुईं और मरीजों को उपचार मिलना शुरू हो सका। हड़ताल खत्म होने के तुरंत बाद हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विपिन दलाल कोर्ट एविडेंस के लिए चले गए, जिसके कारण हड्डी से संबंधित मरीजों को उपचार नहीं मिल पाया। हड़ताल खत्म होने के बाद अन्य चिकित्सकों ने अस्पताल में दोपहर 3 बजे तक 1400 से ज्यादा मरीजों को उपचार दिया।

## खंड स्तरीय सड़क सुरक्षा परीक्षा से परखा ज्ञान



गोहाना। तीन-तीन विद्यार्थियों की टीम प्रश्नपत्र को हल करते हुए।

- खंड स्तरीय परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के 723 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

पुलिस और शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए खंड स्तरीय सडक़ सुरक्षा परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित हुई जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 723 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह परीक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना सिटी क्लस्टर मुखिया सतेन्द्र दहिया की देखरेख में हुई। परीक्षा में राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों से विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक स्तर (कक्षा 3-5, कक्षा 6-8 और कक्षा 9-12) में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागी विद्यार्थियों को एक प्रश्न पत्र दिया गया जिसे उन तीनों विद्यार्थियों ने मिलकर हल करना था। प्रतियोगिता में लेवल-1 (कक्षा 3-5) में सरस्वती विद्या निकेतन गोहाना के विद्यार्थी अवनि, तक्षु और शुभम की टीम प्रथम रही। लेवल-2 (कक्षा 6-8) में रॉकफील्ड पब्लिक स्कूल रामगढ़ के विद्यार्थी विहान, निर्भय, यशिका और लेवल-3 (कक्षा 9-12) में कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खानपुर कलां से अंजलि, अंकिता और वंशिका की टीम प्रथम रही। खंड स्तरीय प्रतियोगिता में तीनों स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त तीन-तीन विद्यार्थियों की टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। इस अवसर पर शीला सिंहरोहा, रविन्द्र गर्ग, संजय मलिक, अंजू, गौरव कपूर, ललित, फ्रैंकी, लक्की अरोड़ा, जसवंत, अनिता, दीपक, अनिल देसवाल, प्रवेश, सुमन, सुरजीत सिंह, सुमन, ममता, रेणुका, राकेश और रिंकू कश्यप उपस्थित रहे।

## विकास मलिक अध्यक्ष और अभिषेक सचिव चयनित, दोनों को दी बधाई

- पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर्स संघ की गोहाना खंड इकाई का सर्वसम्मति से चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। गोहाना खंड कार्यकारिणी के नवचयनित प्रतिनिधि अपने सहयोगियों के साथ।

विकास खंड गोहाना के पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर्स संघ की गुरुवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा ने की। बैठक में विचारविमर्श के बाद सर्वसम्मति से संघ की गोहाना खंड कार्यकारिणी का चुनाव करवाया गया। चुनाव में विकास मलिक को खंड अध्यक्ष, कुलदीप एवं हिमांशी को उपाध्यक्ष, अभिषेक को सचिव, मौसम को सह-सचिव और कुलदीप सैनी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई। संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीण ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को भारतीय मजदूर संघ एवं हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर्स यूनियन की नीतियों से अवगत करवाया और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रदेश महामंत्री अनुज हुड्डा, मुंडलाना मुंडलाना खंड के अध्यक्ष सुनील ,विजय देवगन आदि रहे।

### युवा शक्ति बनेगा परिवर्तन का सूत्रधार

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में एनएसएस द्वारा आयोजित एक प्रेरणात्मक कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में शोध, नवाचार और अध्ययन पर जोर देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं को एआई का केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि सृजनकर्ता बनना होगा ताकि यह तकनीक उनकी रचनात्मकता को समाप्त न करे और उन्नत भारत के स्वप्न को साकार करे। उन्होंने विद्यार्थियों से सेवा, तकनीक और संवेदनशीलता के संगम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

## सावित्री को बनाया प्रदेश सचिव और आशा को मिली महिला जिला शहरी अध्यक्ष की जिम्मेदारी

- असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) की दिल्ली में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) हरियाणा प्रदेश पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्य कार्यालय 24 अकबर रोड नई दिल्ली में आयोजित हुई। इस बैठक में पूर्व सांसद और केकेसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर उदित राज, हरियाणा प्रभारी सीपी सोनी और प्रदेश अध्यक्ष नरेश मलिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हरियाणा प्रदेश के तमाम जिला अध्यक्ष व पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में सोनीपत से संबंधित कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं। सोनीपत की सावित्री मलिक को हरियाणा प्रदेश सचिव, आशा कुमारी को महिला जिला अध्यक्ष शहरी और सरोज को सोनीपत विधानसभा महिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त सरदार जसविंदर सिंह को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर सोनीपत के ओम कुमार जांबाज, मीना चहल, यशवंत राव चौहान, वेदपाल सभरवाल, पवन कुमार शर्मा और सलीम खान सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।



गोहाना। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्राप्त विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ।

### श्रीमद्भगवत गीता प्रश्नमंच प्रतियोगिता में दिखाई

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर, गोहाना में गुरुवार श्रीमद्भगवत गीता से संबंधित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ दीप स्तुति व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अध्यक्षता प्रांतीय शैक्षणिक प्रमुख शेषपाल ने की। संयोजन प्राचार्य अश्विनी कुमार का रहा। प्रश्न मंच में सभी सदनों के विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान, तत्परता और मंच कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। वरिष्ठ वर्ग में विवेकानंद व चाणक्य सदन से हर्ष, वंशदीप, अनिक, लवकुश, धैर्य और भाविक ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। दयानंद सदन से नमन, अर्चित और अक्षित द्वितीय व शिवाजी सदन से सक्षम, कुशल और नवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ छात्राओं में चाणक्य सदन से खुशबू और गरिमा प्रथम, विवेकानंद सदन से इशिता और दक्षिता द्वितीय व शिवाजी सदन की हर्षिता और कनिका तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा छठी से 8वीं में शिवाजी सदन से जानवी, सिया और अस्मिता प्रथम चाणक्य सदन से वंदना, मानसी और सिमरन द्वितीय तथा दयानंद सदन से विंजुल, दीक्षा और मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समय पालक कोमल जैन एवं छात्र जयंत थे।

## जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो हमारा देश रैली निकाल किया जागरूक

- जीवीएम की छात्राओं ने नशा मुक्त भारत व रोड सेफ्टी जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान छात्राएं।

जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो हमारा देश। इस संदेश के साथ जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ रोड सेफ्टी जागरूकता रैली निकाली। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए नशा मुक्ति के साथ सडक़ यातायात नियमों की पूर्ण अनुपालना पर बल दिया। जीवीएम के यूथ अगेंस्ट ड्रग्स-तंबाकू नियंत्रण सैल तथा रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि दोनों ही विषय अति महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें गंभीरता से समझने की आवश्यता है। इस दिशा में नियमित तौर पर जागरूकता फैलाई जानी चाहिए। नशा, युवाओं को बर्बादी की राह पर ले जाता है। वहीं, यातायात नियमों की उल्लंघना ही सडक़ दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनती है।

### पेट्रोल पंप पर मारपीट का मामला गर्माया

## रोडवेज कर्मचारियों ने गेट बंद कर बसों का परिचालन रोका, गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रोडवेज विभाग के गोहाना सब डिपो के परिचालक के साथ पानीपत में पेट्रोल पंप पर मारपीट करने के विरोध में गुरुवार को कर्मचारियों ने धरना देने के साथ प्रदर्शन किया। गिरफ्तारी की मांग को लेकर कर्मचारियों ने दोपहर 12 बजे बसों का परिचालन रोक दिया और बस स्टैंड का गेट बंद कर दिया। कर्मचारियों का आरोप है कि पंप संचालिका ने मंत्री का फोन करवाकर परिचालक से माफी मंगवाने के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाया। कर्मचारियों ने पंप संचालिका पर केस दर्ज करके कार्रवाई करने की मांग की। कर्मचारी नेता अशोक पांचाल व संजीव स्वामी ने कहा कि मंगलवार को गोहाना सब डिपो की बस चंढीगढ़ से गोहाना आ रही थी। बस में एक महिला और उसका तीन साल का बच्चा सवार थे। बच्चे को पेशाब की तलब महसूस हुई तो उसकी मां ने परिचालक को बस रोकने को कहा। परिचालक राजेश सैनी ने पानीपत में चीनी मिल के निकट एक पेट्रोल पंप पर बस रुकवा दी। पंप पर उचित व्यवस्था न होने पर महिला ने बच्चे को खुले में पेशाब करवा दिया। इसके बाद पंप संचालिका ने परिचालक, चालक, महिला से दुव्र्यवहार किया।

### कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉ. ज्योतिराज ने, ज्योति दहिया व ममता प्रवीण ने किया

# महिला काव्य मंच का हुआ वार्षिकोत्सव, महेंद्रगढ़ सर्वश्रेष्ठ इकाई घोषित

कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष इन्दु राज निगम ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। महिला काव्य मंच हरियाणा के वार्षिकोत्सव में प्रतिभागी कवियत्री। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच (रजि.) हरियाणा इकाई का वार्षिकोत्सव धूमधाम मुरथल में मनाया गया। संस्थापक डॉ नरेश नाज़ व नियति गुप्ता, अध्यक्ष मक़ाम ट्रस्ट के सान्निध्य में आयोजित उत्सव की अध्यक्षता की प्रो(डॉ) ज्योति राज राष्ट्रीय महासचिव ने की। मुख्य अतिथि मंच की वैश्विक उपाध्यक्ष शालू गुप्ता, सीमा शर्मा राष्ट्रीय महासचिव ने विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। हरियाणा इकाई-1 के सौजन्य में आयोजित वार्षिकोत्सव का कमला राठी, संरक्षक हरियाणा, इन्दु'राज' निगम, अध्यक्ष हरियाणा-1, उपाध्यक्ष वंदना'हिना' मलिक व राज्य सचिव संचिता व डॉ उमा गर्ग, जिला उपाध्यक्ष रेखा, सचिव ज्योति दहिया ने बेहतरीन संयोजन किया। महेंद्रगढ़ जिला इकाई को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ इकाई घोषित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मकाम हरियाणा की अध्यक्ष इन्दु राज निगम ने सुमधुर सरस्वती वंदना द्वारा किया। कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉ ज्योतिराज ने, ज्योति दहिया व ममता प्रवीण ने किया कर माहौल खुशनुमा बना दिया। ज़िलों से सुशीला यादव उपाध्यक्ष गुरुग्राम, रश्मि, महासचिव गुरुग्राम, वीणा अग्रवाल राष्ट्रीय संरक्षिका वनकाम गुरुग्राम, राजेंद्र राज निगम राष्ट्रीय अध्यक्ष , सोनीपत इकाई से सुश्री रेखा आर्या उपाध्यक्ष , ज्योति रानी महासचिव, नैन्सी, शक्ति दूबे, डॉ नितिन अंतिल, वैशाली, शीतल नवीन, सीमा पराशर ने काव्य पाठ किया। रोहतक से अध्यक्ष एकता कोचर रेलन, उपाध्यक्ष- डॉ निधि राठी, भिवानी इकाई से सुश्री चांदनी शर्मा ,उपाध्यक्षा व सुश्री प्रियंका शर्मा महासचिव, झज्झर से जया सारसर, कुरुक्षेत्र से सुमन सांगवान, राज पवार व ममता सूद, करनाल से अध्यक्ष ममता प्रवीण, आशनया कविता शर्मा, रेणु शर्मा, मंजूषा दुग्गल, प्रीति सिंह (महासचिव) व डॉ .ज्ञानी देवी ने काव्य पाठ किया। हिसार इकाई से खुशबू जैन, पूनम मनचंदा(अध्यक्ष), नीरज मनचंदा, डॉ .दवीना अमर ठकराल व रिया नागपाल ने अपनी रचनाएं पढ़ीं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वनकाम के वैश्विक अध्यक्ष राजेन्द्र निगम राज, वनकाम की राष्ट्रीय संरक्षक वीणा अग्रवाल, प्रो राजबीर सिंह, डॉ अजय सिंह, सुमन यादव, डॉ. सुदेश मलिक व अखिल भारतीय साहित्य परिषद सोनीपत से डॉ पूर्णमल गौड़ व उनकी धर्मपत्नी, नरेश आकाश व उनकी धर्मपत्नी, डॉ कमलेश मलिक, समे सिंह सहित प्रियंका, सुमन, विजयपाल, कृतिका एवं कोमल आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। संस्थापक डॉ नरेश नाज़ ने सभी कवयित्रियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।